# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 02 मार्च, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-02-march-2020

## एकम उत्सव

## EKAM Fest

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (Union Ministry of Social Justice & Empowerment) ने राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त विकास निगम (National Handicapped Finance Development Corporation- NHFDC) द्वारा आयोजित प्रदर्शनी-सह-मेला 'एकम उत्सव' (EKAM Fest) का उद्घाटन किया।




## मुख्य बिंदु:

- यह दिव्यांगजन समुदाय के बीच उद्यमशीलता एवं ज्ञान को बढ़ावा देने हेतु एक प्रयास है जिसका उद्देश्य समाज में PwDs की संभावनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना, साथ ही PwDs उद्यमियों को एक प्रमुख विपणन अवसर प्रदान करना है।
- NHFDC इन उद्यमियों के उत्पादों के विपणन हेतु एक ब्रांड एवं मंच के विकास के लिये प्रयास कर रहा है।
- तदनुसार ब्रांड का नाम एकम (उद्यमिता, ज्ञान, जागरूकता, विपणन) तय किया गया है।

## NHFDC के बारे में

- NHFDC दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्त्वावधान में एक सर्वोच्च निगम है और यह केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत वर्ष 1997 से कार्य कर रहा है।

- यह निगम लाभ के उद्देश्य से पंजीकृत नहीं किया गया है और दिव्यांगजन/विकलांग व्यक्तियों (दिव्यांगजन/PWDs) को उनके आर्थिक पुनर्वास के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करता है तथा उन्हें अपने उद्यमों को विकसित करने और उनको सशक्त बनाने के लिये कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत मदद भी देता है।

---

## द्वार प्रदाय योजना

## Dwar Praday Yojana

द्वार प्रदाय योजना (Dwar Praday Yojana) एक पायलट परियोजना है जिसे मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इंदौर में शुरू किया गया था।

### मुख्य बिंदु:

- इस योजना के तहत इंदौर नगर निगम (Indore Municipal Corporation- IMC) क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लोग ऑनलाइन आवेदन करके 24 घंटे के भीतर घर बैठे पाँच प्रकार के दस्तावेज़ (आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,खसरा-खतौनी की नकल) प्राप्त कर सकते हैं।
- इसके लिये प्रशासन द्वारा एक स्थानीय कूरियर एजेंसी की सेवा ली जा रही है जो दस्तावेज़ों को सार्वजनिक सेवा केंद्रों से एकत्र करने के बाद लोगों तक पहुँचाती है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सरकार के सेवा वितरण तंत्र में सुधार करना है।

---

## प्रख्यात महिला वैज्ञानिकों के नाम पर पीठों की स्थापना

## Establishment of Chairs in the Name of Eminent Women Scientists

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) के अवसर पर भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रख्यात भारतीय महिला वैज्ञानिकों के नाम पर 11 पीठों की घोषणा की।

### मुख्य बिंदु:

- यह कार्यक्रम महिलाओं को प्रोत्साहित करने, उन्हें सशक्त बनाने और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली युवा महिला शोधकर्त्ताओं को उचित पहचान दिलाने के लिये है।
- 11 पीठों को कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, इम्यूनोलॉजी, फाइटोमेडिसिन, जैव रसायन, चिकित्सा, सामाजिक विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान एवं मौसम विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित, भौतिकी सहित अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किया गया है।
- इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC) और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (Ministry of Women and Child Development- MWCD) ने संयुक्त रूप से प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों द्वारा महिलाओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने और उनके द्वारा चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिये विभिन्न विश्वविद्यालयों में 10 पीठों की स्थापना की जा चुकी है।

---

## फिशिंग कैट एंड ओटर्स

## Fishing Cat and Otters

हाल ही में चिल्का झील में **फिशिंग कैट** (Fishing Cat), **स्मूथ कोटेड ओटर** (Smooth-Coated Otter) और एक **यूरेशियन ओटर** (Eurasian Otter) की उपस्थिति दर्ज की गई है।

## फिशिंग कैट **(Fishing Cat):**



- इसका वैज्ञानिक नाम परिओनैलुरस विवेरिनस (Prionailurus Viverrinus) है।
- यह भारत में गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदी की घाटियों, पश्चिमी घाट, हिमालय की तलहटी, सुंदरवन के मैंग्रोव वनों में मुख्य रूप से पाई जाती है।
- इसे अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature- IUCN) की रेड लिस्ट में **संवेदनशील** (Vulnerable) श्रेणी में रखा गया है और इसे CITES (Convention of International Trade in Endangered Species of Wild Fauna and Flora) के **परिशिष्ट II** (Appendix II) में, जबकि भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत **अनुसूची I** में रखा गया है।

## स्मूथ कोटेड ओटर

## (Smooth-Coated Otter):



- इसका वैज्ञानिक नाम ल्यूट्रोगाले पेरस्पिसिल्लाटा (Lutrogale Perspicillata) है।
- ये पूरे भारत में हिमालय से लेकर सुदूर दक्षिण भारत तक में पाए जाते हैं।

- इसे अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature- IUCN) की रेड लिस्ट में **संवेदनशील** (Vulnerable) श्रेणी में रखा गया है और इसे CITES के **परिशिष्ट II** (Appendix II) में, जबकि भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत **अनुसूची II** में रखा गया है।

## यूरेशियन ओटर

## (Eurasian Otter):



- इसका वैज्ञानिक नाम लुट्रा लुट्रा (Lutra lutra) है।
- ये यूरेशिया में (पश्चिम में आयरलैंड से लेकर पूर्वी रूस एवं चीन तक) पाए जाते हैं। इसके अलावा ये उत्तरी अफ्रीका (मोरक्को, अल्जीरिया और ट्यूनीशिया) और मध्य पूर्व (इज़राइल, जॉर्डन, इराक और ईरान) में भी पाए जाते हैं।
- इसे अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature- IUCN) की रेड लिस्ट में **निकट संकट** (Near Threatened) श्रेणी में रखा गया है और इसे CITES की **परिशिष्ट I** (Appendix I) में जबकि भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत **अनुसूची II** में रखा गया है।

---

## गिर राष्ट्रीय उद्यान

## Gir National Park

गिर राष्ट्रीय उद्यान (Gir National Park) और वन्यजीव अभयारण्य गुजरात राज्य के जूनागढ़ ज़िले में स्थित हैं।




## मुख्य बिंदु:

गिर वन एशियाई शेरों का एकमात्र प्राकृतिक आवास है। इसे वर्ष 1965 में अभयारण्य और वर्ष 1975 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।

## एशियाई शेर (Asiatic Lion):

- इसका वैज्ञानिक नाम पैंथेरा लियो पर्सिका (Panthera leo Persica) है।
- ये गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य में पाए जाते हैं।
- इसे अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature- IUCN) की रेड लिस्ट में **संकटग्रस्त** (Endangered) श्रेणी में रखा गया है और इसे CITES के **परिशिष्ट I** (Appendix I) में, जबकि भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत **अनुसूची I** में रखा गया है।

- भारत के अर्द्ध-शुष्क पश्चिमी भाग में गिर वन शुष्क पर्णपाती वन हैं। गिर वन में कई प्रकार के स्तनधारियों, सरीसृपों, पक्षियों एवं कीट प्रजातियों के साथ-साथ समृद्ध वनस्पतियों के लिये एक अनूठा निवास स्थान है।
- गिर को अक्सर **'मल्धारिस'** (Maldharis) के साथ जोड़ा जाता है जो शेरों के साथ सहजीवी संबंध होने से युगों तक जीवित रहे हैं।
    - मल्धारिस गिर क्षेत्र में रहने वाले धार्मिक ग्रामीण समुदाय हैं। उनकी बस्तियों को 'नेस्सेस' (Nesses) कहा जाता है।
- गुजरात में अन्य राष्ट्रीय उद्यान काला हिरन राष्ट्रीय उद्यान (Black buck National Park), वंसदा नेशनल पार्क (Vansda National park) और समुद्री राष्ट्रीय उद्यान (Marine National Park) हैं।